**Regarding shifting of bus stand in Etah**

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र एटा, कासगंज में, दोनों ही शहरों में जो सरकारी बस स्टैंड सड़क के बीच में आ गए हैं, उनके कारण दोनों शहरों में लगातार घंटों जाम लगा रहता है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों बस स्टैंड्स को शहर से बाहर कहीं स्थापित किया जाए, जिससे वहाँ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे । साथ ही साथ जनपद कासगंज की नगर पालिका गंजडुडवारा में एक नया बस स्टैंड बनवाने की माँग के साथ जनपद औरैया की तहसील बिधूना में लगभग 20 वर्ष पहले बने बस स्टैंड को अभी तक चालू नहीं किया गया है । मेरी माँग है कि उसे जल्द से जल्द चालू कराया जाए । इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** मैं सभी सदस्यों को बोलने का अवसर दूंगा ।